तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र संख्या 122/2023 GCMS NO. 2023/342 **उनवानी रमेश कुमार बनाम दयाचन्द आदि** **अन्तर्गत धारा 111/128 एल.आर.एक्ट 1956** **बाबत पत्थरगढ़ी**	
30.04.2024	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली में सुनवाई हेतु अधिवक्ता प्रार्थी को आवाज दिलवाई गई। आवाज पर अधिवक्ता प्रार्थी हाजिर आये। अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 5 की ओर से श्री कृष्ण कुमार वर्मा एडवोकेट ने वकालतनामा पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अधिवक्ता उभय पक्षकारान के निवेदन पर बहस अधिवक्ता उभय पक्षकारान सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात् का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया तथा अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से पाया कि प्रार्थी ने हस्तगत प्रार्थना पत्र के जरिये ग्राम कालोटा स्थित भूमि खाता संख्या 230 के खसरा नम्बर 1348, 1350, 2024/1346 कुल किता 3 कुल रकबा 1.69 हेक्टेयर की पत्थरगढ़ी का अनुतोष चाहा है परन्तु खसरा नम्बर 1348, 1350, 2024/1346 की सीमओं से लगती सीमा के खातेदारों को पक्षकार नहीं बनाया है, जो आवश्यक पक्षकार है। अतः प्रार्थी का हस्तगत प्रार्थना पत्र आवश्यक पक्षकारों के अभाव में पोषणीय नहीं होने से अस्वीकार कर खारिज किया जाता है। मिसल दर्ज नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। न्यायालय उपखण्ड अधिकारी खेतड़ी ★ जिला- नीमकाथाना (राज.) (सविता शर्मा) उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी जिला नीमकाथाना (राज0) उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी	

Signature Not Verified

Digitally signed by Savita Sharma
Date: 2024.05.16 11:53:37 IST
Reason: SelfAttested